# जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध लोगों में आक्रोश



**वडोदरा @ पत्रिका.** शहर के नागरिकों में तीन दिनों तक बाढ़ में फंसे रहने पर प्रशासन की ओर से उचित राहत कार्य नहीं किए जाने पर जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध भयानक आक्रोश देखने को मिल रहा है। ऐसे में जब शहर भाजपा अध्यक्ष डॉ. विजय शाह और विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक बालकृष्ण शुक्ल अजित नगर पहुंचे तब उन्हें लोगों के रोष का शिकार होना पड़ा। लोगों ने हाथ जोड़कर उनसे कहा कि अब पानी उतरने के बाद आने की कोई जरूरत नहीं है, यहां से चले जाएं। ऐसे ही वार्ड नंबर सात के पार्षद बंदीश शाह जब सलाटवाडा के तुलसीबाई चाल पहुंचे तब लोगों ने उन्हें वहां से वापस लौटा दिया।

# बाढ़ संकट के बीच ईएसआईसी एसआरओ वडोदरा भी मदद को आया आगे



**वडोदरा.** शहर में बाढ़ के चलते जनजीवन के प्रभावित होने के कारण कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के वडोदरा उपक्षेत्रीय कार्यालय (एसआरओ) के कर्मचारी और अधिकारी भी वडोदरा के लोगों की मदद को आगे आए हैं। वडोदरा में 3,316 लाभार्थियों को उनका मासिक लाभ बिना किसी देरी के प्रदान किया जाएगा। शनिवार 31 अगस्त 2024 को 95 लाख की राशि जारी की गई है।

जिनमें से कई फीडर शनिवार सुबह से शुरू हो गए हैं। बाढ़ में बिजली विभाग को भी भारी नुकसान हुआ है। जगह जगह बिजली विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मर आदि के मरम्मत में लगे हुए हैं।

सयाजीगंज, अकोटा, अल्कापुरी, समा-सावली रोड़, ओल्ड पादरा रोड़, मांजलपुर आदि इलाकों में नीचे कॉमर्शियल एवं उपर रेसिडेंशियल विद्युत कनेक्शन हैं। अब भी कई इलाकों के बेसमेंट में अभी भी पानी भरा हुआ है।अधिकतर बिल्डिंग में मीटर रूम बेसमेंट में होते हैं, लेकिन अभी भी बेसमेन्ट में पानी भरे होने से बिजली का कनेक्शन शुरू नहीं किया गया है। संपूर्ण रूप पानी निकल जाने के बाद ही बिजली की आपूर्ति की जाएगी। परशुराम भट्टा, कड़क बजार और मंगल बजार सहित के इलाकों में भी जलभराव के कारण ट्रांसफार्मर ठप्प पड़े हैं। फतेहगंज, अकोटा और समा को मिला के लगभग कुल 35 ट्रांसफार्मर सुरक्षा के नजरिए से बंद रखे गए हैं।



वडोदरा के हाईवे पर अभी भी पानी भरा।

## वडोदरा में सड़क पर गड्ढों से वाहन चालक परेशान



**वडोदरा.** शहर में दुमाड़ चौकड़ी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड पर गड्ढों से वाहन चालक परेशान हैं।

# स्वास्थ्य जांच के लिए टीमें वडोदरा पहुंची

**वडोदरा @ पत्रिका.** शहर में बाढ़ के कारण आई विकट परिस्थिति के बाद अब राज्य सरकार व प्रशासन सतर्क हो चुका है। वडोदरा शहर और जिला में 1400 स्वास्थ्य कर्मियों के साथ अन्य जिलों की 10 टीमें स्वास्थ्य स्क्रीनिंग के लिए वडोदरा भेजी गई हैं। गुरुवार को वडोदरा के दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने प्रशासन से स्वच्छता, स्वास्थ्य, बिजली और सड़को के कामों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया था।

वडोदरा में सफाई करने के लिए अन्य महानगरपालिकाओं से भी सफाई कर्मचारियों को वडोदरा लाया जाएगा। आवश्यकतानुसार साधन एकत्र कर शहर में संपूर्ण रूप से सफाई आरंभ हो गई है। टीमों की ओर से निरंतर सर्वेलेंस, फोगिंग, क्लोरीनेशन का कार्य भी किया जा रहा है। वडोदरा शहर या जिला के बाढ़ प्रभावित परिवार को सरकार द्वारा नकद राशि देकर सहायता की जाएगी। बाढ़ प्रभावितो के सर्वे के लिए 90 टीमें कार्यरत हैं।


पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद डिवीज़न

कवच वर्जन का प्रावधान

# बाढ़ संकट के बीच ईएसआईसी एसआरओ वडोदरा भी मदद को आया आगे




01/09/2024

**वडोदरा.** शहर में बाढ़ के चलते जनजीवन के प्रभावित होने के कारण कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के वडोदरा उप क्षेत्रीय कार्यालय (एसआरओ) के कर्मचारी और अधिकारी भी वडोदरा के लोगों की मदद को आगे आए हैं। वडोदरा में 3,316 लाभार्थियों को उनका मासिक लाभ बिना किसी देरी के प्रदान किया जाएगा। शनिवार 31 अगस्त 2024 को 95 लाख की राशि जारी की गई है।

ताकि लाभार्थियों को आवश्यक सहायता मिल सके।